एक नजर में

आवेदन के नाम पर 700 की अवैध वसूली, तहसीलदार हुकुमसिंह निंगवाल की सख्ती, पीड़ित को पैसे वापस दिलवाए

राणापुर (झाबुआ)। आज राणापुर तहसील में आवेदन बनवाने के नाम पर आम नागरिक से 700 रू की अवैध वसूली का मामला सामने आया। तहसील के बाहर आवेदन लिखने वाले एक दुकानदार द्वारा यह राशि ली गई थी। पीड़ित व्यक्ति ने आज तहसील पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी दी। मामले की जानकारी मिलते ही तहसीलदार हुकुमसिंह निंगवाल ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित दुकानदार को बुलवाया और पीड़ित आवेदक को पूरी राशि वापस दिलवाई। तहसीलदार की इस त्वरित कार्रवाई से तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। आम नागरिकों को आगे किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए लोक सेवा केंद्र के अधिकृत व्यक्ति को तहसील परिसर में ही बैठा दिया गया। तहसील प्रशासन द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना में स्पष्ट किया गया है कि अब सभी प्रकार के आवेदन यहीं बैठे लोक सेवा केंद्र से ही तैयार किए जाएंगे और इसके लिए केवल ?30 सेवा शुल्क एवं शासन द्वारा निर्धारित शुल्क ही लिया जाएगा। इस सख्त कदम से तहसील क्षेत्र के नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि अब आवेदन के नाम पर लूट पर रोक लगेगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति तय शुल्क से अधिक राशि मांगता है तो इसकी तत्काल शिकायत तहसीलदार या एसडीएम कार्यालय में करें।

आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल रावत ने निजी निधि से 1 किमी सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया

आलीराजपुर । समीपस्थ ग्राम रामसिंह चौकी अंतर्गत जिला पंचायत कार्यालय के समीप स्थित पटेल फलिया क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही सड़क समस्या के समाधान की दिशा में एक सराहनीय और ऐतिहासिक पहल सामने आई है। आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि महेश पटेल ने अपनी निजी निधि से 1 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य कराने का निर्णय लेते हुए विधिवत भूमि पूजन किया। पटेल फलिया क्षेत्र में लंबे समय से कच्ची एवं जर्जर सड़क के कारण ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर स्कूली बच्चों, बीमार मरीजों, गर्भवती महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिए आवागमन एक गंभीर समस्या बना हुआ था। कई बार शासन-प्रशासन से मांग किए जाने के बावजूद सड़क स्वीकृत नहीं हो सकी। जनहित की इस गंभीर समस्या को देखते हुए महेश पटेल ने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए स्वयं के संसाधनों से सड़क निर्माण का संकल्प लिया, जो क्षेत्र में जनसेवा की एक प्रेरणादायी मिसाल बन गया है। भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्साह और विश्वास का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर श्री महेश पटेल रावत ने कहा—क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है। जनता को सुविधा मिले, यही मेरा उद्देश्य है। सड़क निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।' कार्यक्रम में उपस्थित जयस प्रभारी श्री मुकेश रावत ने कहा—यह हमारा दुर्भाग्य रहा कि वर्षों से शासन से मांग करने के बावजूद यह सड़क स्वीकृत नहीं हो पा रही थी। अंततः हमारे गांव पटेल फलिया (घोड़ापाटी) के ग्रामीणों की महेश पटेल से मुलाकात हुई। उन्होंने बिना किसी देरी के इस सड़क की सौगात देकर गांववासियों का सपना पूरा कर दिया। 'ग्रामीणों ने इस जनहितैषी पहल के लिए महेश पटेल फ़ुलमालाओ स्वागत कर आभार व्यक्त किया और इसे रामसिंह चौकी क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

कलेक्टर के निर्देश पर जिले के नगरीय क्षेत्रों में पानी की टंकियों की सफाई

आलीराजपुर । कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन में जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छ जल प्रदाय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पानी की टंकियों की साफ-सफाई के निर्देश संबंधित नगर पालिका अधिकारियों को दिए गए। इन निर्देशों के परिपालन में जिले के विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में जल प्रदाय टंकियों की सफाई कराई गई। आलीराजपुर नगरीय निकाय अंतर्गत कुल 5 जल प्रदाय टंकियों की सफाई की गई, वहीं जोबट नगरीय निकाय में 2 पानी की टंकियों तथा चंद्रशेखर आजाद नगर में भी 2 पानी की टंकियों की सफाई कराई गई। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। कलेक्टर नीतू माथुर ने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के समस्त नगरीय निकायों को नगरीय नल जल प्रदाय योजनाओं से प्रदाय किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग करे तथा जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। साथ ही पेयजल योजनाओं के सुचारू संचालन और गुणवत्ता मानकों के पालन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

ई-टोकन से किया जाएगा उर्वरक वितरण

आलीराजपुर । जिले में किसानों को सुलभता, सरलता, रियल टाइम और पारदर्शिता के साथ उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरु की गई ई-विकास प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र, आलीराजपुर के सभागार में हुआ। प्रशिक्षण हेतु नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स ?द्वारा प्रथम सत्र के दौरान ई-टोकन प्रणाली के तकनीकी पहलुओं, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और पारदर्शी लेनदेन करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में जिले की समस्त सहकारी समितियों के प्रबंधकों एवं पंजीकृत निजी थोक एवं रिटेल उर्वरक विक्रेताओं को खुदरा स्तर पर ई-टोकन सिस्टम के प्रयोग, किसानों को सेवा प्रदान करने की प्रक्रिया और सिस्टम में होने वाली संभावित चुनौतियों के समाधान से संबंधित मार्गदर्शन दिया गया।

योग करने से शरीर स्वस्थ रहने के साथ मन प्रसन्न रहता है : जिला प्रभारी वर्मा

जिला महिला पतंजलि योग समिति ने 32वां स्थापना दिवस मनाया

झाबुआ। जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा 32वां स्थापना दिवस स्थानीय नेहरू मार्ग स्थित महाकालिका माता मंदिर धर्मशाला में संचालित योग क्लास में मनाया गया। इस अवसर पर समिति की समस्त मातृ शक्तियों ने सामूहिक योग किया।

इस अवसर पर समिति की जिला प्रभारी रुक्मणी वर्मा ने सभी महिलाओं को संकल्प दिलवाया कि प्रत्येक व्यक्ति अगले 5 व्यक्तियों को योग सिखाएगा और वह 5 व्यक्ति अन्य 5 लोगों को योग सिखाएंगे, ताकि सभी लोग अधिकाधिक योग एवं प्रणायाम, आसन आदि कर स्वस्थ और निरोगी रहे। कार्यक्रम में समिति की जिला संगठन मंत्री मधु जोशी एवं जिला कोषाध्यक्ष ज्योति जोशी ने योग का महत्व बताया एवं अपने अनुभव साझा किए कि विगत 32 वर्षों से योग करने से वह पूरी तरह स्वस्थ और निरोगी है। विगत 32 वर्षों से योग क्लासेस का नियमित रूप से संचालन किया जा रहा है। वर्षों से समिति के माध्यम से योग करने वाली कर्मठ कार्यकर्ता जरीना अंसारी ने भी बताया कि आजीवन प्रतिदिन योग करने से शरीर स्वस्थ रहने के साथ मन तरोताजा और प्रसन्न रहता है। जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाता है। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपेश टेलर द्वारा योग शिविर में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया जाता है। साथ ही योग समिति द्वारा शहर की महिलाओं को राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी एवं जयंती दीदी के माध्यम से मन को शांत और एकाग्र करने के लिए राजयोग शिविर का भी आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर हरिद्वार से पधारी अदिति दीदी एवं साथ में अन्य बहनों ने भी शहर में शिविर लगाया। जिसमें बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने भाग लेकर लाभ प्राप्त किया। समिति द्वारा प्रतिवर्ष 20 जून को अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस भव्य स्तर पर मनाया जाता है।

योग के लाभों के बारे में बताया

इस अवसर पर संस्था की जिला प्रभारी रूक्मणी वर्मा ने योग से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। पूर्व आईएएस अधिकारी सूरज डामोर द्वारा भी योग से दैनिक दिनचर्या में होने वाले बदलाव के बारे में अवगत करवाया। योग की महिमा के बारे में हरिद्वार से पधारी राज्य प्रभारी सुधा त्रिवेदी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। भारतीय स्त्री शक्ति की राष्ट्रीय सचिव किरण शर्मा द्वारा बताया गया कि जब से वह नियमित योग क्लास आ रहीं है, तब से पूर्णत: स्वस्थ है। आज प्रत्येक व्यक्ति को योग को दैनिक दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की आवश्यकता है।

सभी नागरिकों से अधिकाधिक लाभ लेने की अपील-स्थापना दिवस कार्यक्रम में समिति की युवा कर्मठ कार्यकर्ता लीना पटेल, महेंद्र गेहलोत, ललित शाह, नीता शाह किरण सोनी, कल्पना राणे, माधुरी नीमा, कविता जैन, ज्योति सोनी सुरभी डावर, विनीता टेलर, सीमा गेहलोत, भावना टेलर आदि उपस्थित थी। जिला महिला पतंजलि योग समिति ने शहर के सभी नागरिकों से आव्हान किया है कि महाकालिका माता मंदिर के समीप धर्मशाला में प्रतिदिन सुबह लगने वाली योग क्लास में अधिकाधिक संख्या में पधारकर लाभ ले और अपने तन-मन को स्वस्थ रखने के साथ देश के विकास में सहभागी बने।

कलेक्टर कार्यालय में किया जनसुनवाई का आयोजन

आलीराजपुर। प्रति मंगलवार की तरह आज भी कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में आवेदक दिलीप हरवाल निवासी बाजार फलीया ग्राम बडी खट्टाली ने आवेदन देकर बताया कि मेरे पास बी.पी.एल. कार्ड होने के बावजूद भी मुझे एक वर्ष से राशन प्रदाय नहीं किया जा रहा है, मुझे राशन प्रदाय करवाया जाये। उक्त समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर माथुर ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि आवेदक की समस्या की जांच कर समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करे।

एक अन्य आवेदक जो कि आरी फलिया ग्राम राजावाट निवासी चमारिया पिता गणसिया है ने बताया कि उनकी के.सी.सी. ऋण की बंधक ऋण पुस्तिका छुड़वाना है,आवेदक ने बताया कि मैने वर्ष 2022 में बैंक ऑफ इंडिया शाखा आलीराजपुर से के.सी.सी. ऋण लिया था। बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा बैंक स्टेटमेंट उपलब्ध कराया गया, जिसमें बताया गया कि बंधक ऋण पुस्तिका प्राप्त करने के लिए तय की राशि जमा करना आवश्यक है। मैं एकमुश्त समझौते के माध्यम से संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करना चाहता हूँ तथा खसरा रिकॉर्ड से बंधक हटवाना चाहता हूँ,इसके लिए मेरी के.सी.सी. ऋण की बंधक ऋण पुस्तिका मुक्त करायी जाए। कलेक्टर द्वारा उक्त आवेदक की समस्या के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

एक अन्य आवेदन जोबट नगर के निवासियों द्वारा दिया गया कि नगर के खिजर कॉलोनी में प्रवेश हेतु एक संकरी गली है जिसका उपयोग कई सालों से बच्चों द्वारा विद्यालय जाने, मरीजों द्वारा अस्पताल जाने एवं क्षेत्र वासियों के आवागमन हेतु किया जा रहा है इस गली पर अतिक्रमण कर अपने निजी स्वार्थो के लिए बंद कर दिया गया है,जिससे हम नगर वासियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं उक ?त गली में आवागमन चालू करवाया जाए। उक्त आवेदन को कलेक्टर माथुर ने संबंधित विभाग को जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए।इसी तरह संबल योजना की राशि दिलवाने, पारिवारिक विवाद , आर्थिक सहायता आदि से संबंधित कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जनसुनवाई कक्ष में संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल द्वारा भी जनसुनवाई की गई इस दौरान समस्त विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

आचार्य नवरत्नसागर सूरीश्वरजी मसा की 10वीं पुण्यतिथि आज मनाई जाएगी

झाबुआ। मालवा भूषण आचार्य भगवंत श्री नवरत्नसागर सूरीश्वरजी मसा की 10वीं पुण्यतिथि श्री ऋषभदेव बावन जिनालय में 7 जनवरी, बुधवार को परम् पूज्य प्रन्यास प्रवर श्री योगरुचि विजयजी मसा आदि ठाणा-3 की पावन निश्रा में मनाई जाएगी। सभी आयोजन श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ द्वारा किए जाएंगे।

जानकारी देते हुए श्री संघ मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि आचार्य श्री नवरत्नसागर सूरीश्वरजी मसा की पुण्यतिथि निमित्त बुधवार सुबह 9.30 बजे से गुणानुवाद सभा एवं प्रवचन का आयोजन होगा। गुणानुवाद सभा में आचार्यश्री के गुणों का बखान के साथ प्रवचन में श्री योगरूचि विजयजी मसा द्वारा आचार्यश्री के जीवन के बारे में बताया जाएगा। इस दौरान प्रभावना के लाभार्थी बाबुलाल हरनाथमल कोठारी परिवार रहेगा। दोपहर 1 बजे से स्थानीय लक्ष्मीनगर स्थित सदुरु गौशाला में श्री संघ एवं नवरत्न परिवार द्वारा गौमाताओं को आहार करवाया जाएगा। जिसके लाभार्थी स्व. सुभद्रादेवी वीरेंद्रकुमार संघवी की स्मृति में शशांक संघवी परिवार रहेगा। दोपहर 2 बजे से बावन जिनालय में सामूहिक सामयिक का आयोजन होगा।

धोखाधड़ी कर शादी करने वाली लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार

पेटलावद। पुलिस ने वैवाहिक धोखाधड़ी के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कर्नाटक की एक लुटेरी दुल्हन् को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह ने फरियादी से 4.50 लाख रू. ठगकर फर्जी तरीके से शादी रचाई थी। 'घटना का संक्षिप्त विवरणरू' आवेदक देवेंद्र राठौर निवासी पेटलावद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मंजू और गीता जैन के माध्यम से उसकी शादी नागवा ;निवासी धारवाड़ कर्नाटक के साथ 18 नवंबर 2025 को संपन्न हुई थी। इसके बदले में आरोपियों ने 4.50 लाख रू. लाख की वसूली की थी। शादी के कुछ दिनों बाद दुल्हन जमीन विवाद का बहाना बनाकर कर्नाटक चली गई।दुल्हन के जाने के बाद आवेदक को एक व्यक्ति का फोन आया, जिससे पता चला कि नागवा पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। इतना ही नहीं उसने आवेदक के बाद कर्नाटक में एक और व्यक्ति से भी शादी कर ली।

गैल से सेवानिवृत्त होने पर राजपूत समाज के संरक्षक विजयसिंह राठौर का किया सम्मान

समाज के लिए 5100 रूपए की सहयोग राशि भेंट की

झाबुआ। राजपूत समाज के संरक्षक विजयसिंह राठौर के गैल इंडिया लिमिटेड (गैल कम्प्रेशर) से सेवानिवृत्त होने पर राजपूत समाज झाबुआ की ओर से उनका सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय गैल तिराहे के समीप जेल बगीचा स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर पर रखा गया। जिसमें समाज की ओर से उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज संरक्षक विजयसिंह राठौर ने समाज हित में सहयोग राशि 5100 रू. भेंट की गई।

जानकारी देते हुए राजपूत समाज अध्यक्ष शंभुसिंह चौहान ने बताया कि समाज संरक्षक विजयसिंह राठौर विगत 31 दिसंबर को गैल इंडिया लिमिटेड से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर उनका सम्मान समारोह राजपूत समाज की ओर से किया गया। जिसमें विजयसिंह राठौर परिवार सहित उपस्थित रहे। राजपूत समाज अध्यक्ष शंभुसिंह चौहान, संरक्षक मनोहरसिंह राठौर एवं यशवंतसिंह पंवार, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण सोनगरा, परामर्शदाता गोपालसिंह चौहान, उपाध्यक्ष दीपेन्द्र राठौर एवं महेन्द्रसिंह सोलंकी, कार्यालयीन सचिव सुजानसिंह सांकला एवं मनीष देवड़ा, कोषाध्यक्ष महेन्द्रसिंह गेहलोत, वरिष्ठ सदस्य नटवरसिंह राठौर, दीपकसिंह कछावा, कुलदीपसिंह पंवार आदि ने विजयसिंह राठौर का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला तथा शाल-श्रीफल से सम्मान किया और सेवानिवृत्ति पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

एक नजर में आलीराजपुर के अलका पैलेस में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

हिन्दू प्रकृति की पूजा करते हैं, इसी कारण विश्व में शांति तथा सद्भाव के निर्माण में अग्रणी है : पांचाल

आलीराजपुर । हिन्दू सम्मेलनों का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी और कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना है। विश्व में हिन्दू संस्कृति ही संस्कारों के माध्यम से व्यक्ति को एक पूर्ण, नैतिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त इंसान बनाती है, जो विश्व में शांति और सद्भाव फैलाता है, और यही इसकी महानता का आधार है।

उक्त विचार मुख्य वक्ता मनीष जी पांचाल संगठन मंत्री संस्कृत भारती (इंदौर संभाग) ने स्थानीय रामेश्वर बस्ती द्वारा अलका पैलेस में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में व्यक्त किए। साथ ही उन्होंने अपने उद्?द्बोधन में कहा विश्व में एकमात्र हिंदू धर्म है, जो सर्वप्रथम प्रकृति की पूजा से पूजन प्रारंभ करता है। उन्होंने कहा कि 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा रोपित संघ का बीज आज वटवृक्ष बन चुका है। उन्होंने मतांतरण, जातिवाद और सामाजिक विभाजन से सावधान रहने का आह्वान करते हुए पंच परिवर्तन नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, स्वदेशी एवं पर्यावरण संरक्षण पर सारगर्भित प्रकाश डाला। मीडिया संयोजक उमेश वर्मा कछवाहा ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे भारतवर्ष में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन देशभर में किया जा रहा है, जिसमें हिंदू समाज को एकजुट करने और उनकी संस्कृति, धर्म और धरोहर की रक्षा के लिए आह्वान किया जा रहा है।

विशेष अतिथि गायत्री परिवार के जिला संयोजक संतोष जी वर्मा ने हिंदुओं की एकता पर जोर देते हुए कहा कि जाति पाति, भाषा भेद में नहीं उलझना हैं, हिन्दू धर्म के संस्कारों पर बल देते हुए जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने गायत्री मंत्र और बसंत अर्थ बताते हुए कहा कि संगठित हिंदू समाज ही आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकता हैं, मातृशक्ति से परिवार और हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों से समाज को मजबूत बनाने की अपील की।

समाज सेवी वक्ता आरती राठौड़ : पंच परिवर्तन एक महत्वपूर्ण संकल्पना है जो समाज में परिवर्तन लाने के लिए हिन्दू समाज में एकता और बंधुत्व को अपनाकर हम समाज में परिवर्तन ला सकते हैं और एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। बटेगे तो कटेंगे एक हैं तो सेफ हैं की अपील की।

सरस्वती शिशु मंदिर, स्वामी विवेकानंद विद्यापीठ व वनवासी आश्रम की बालिकाओं ने धर्म और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक नृत्य कला की शानदार प्रस्तुतियों माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंच पर रामेश्वर बस्ती के 30 वयोवृद्ध हिन्दू समाजजन अतिथिगण मंचासीन थे? । अतिथियों का परिचय संयोजक रितेश डावर ने किया अतिथियों का स्वागत सम्मान कार्यकर्ताओं ने किया।हनुमान चालीसा, कार्यक्रम में जय श्री राम, भारत माता की जय व वंदे मातरम के जयकारों से गुंजायमान रहा हैं। भारत माता की दिव्य आरती की गई।कार्यक्रम का संचालन संयोजक राकेश एन तंवर, रूपेश मकवाना व नीरजा चंदेल ने किया आभार कोषाध्यक्ष रिंकेश सिंह तंवर ने माना।कार्यक्रम सफल बनाने में सचिन चौहान, नारायण वर्मा, मुकेश बरेला, अल्पेश पुरोहित, संतोष राठौड़, तुषार तंवर, भुरु जितेन्द्र परिहार, सन्नी बांगडे, प्रदीप भावसार, विमल राठौर, यश राठौड़,दर्शन चौहान, प्रतिक राठौर, दीपक परिहार, बद्रीलाल राठौर रजनीकांत जोशी आदि का सराहनीय रहा है।